>

Title: Need to accord financial approval to Sahjanwa-Dohrighat and Barhaj Bazar-Faizabad via Dohrighat railway projects in Uttar Pradesh.

श्री कमलेश पासवान (बांसगांव): मैं सरकार का ध्यान दो नई रेल परियोजनाओं पर आकृष्ट कराना चाहूंगा कि मेरा संसदीय क्षेत्र बांसगांव पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्यालय गोरखपुर से संलग्न है । रेलवे की पर्याप्त सुविधाओं से वंचित इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण रेल लाइन सहजनवां-दोहरीघाट के निर्माण हेतु सर्वे कार्य जो सन् 1992 में ही पूर्ण हो चुका है और जिसकी न्यूनतम लागत मात्र 66 करोड़ 95 लाख रूपये है, को अब तक वित्तीय स्वीकृति नहीं प्राप्त हो सकी है । यह पूर्वांचल की एक महत्वपूर्ण रेल परियोजना है, जिसके पूर्ण होने से प्रमुख बौद्ध स्थलों सारनाथ, कुशीनगर एवं कपिलवस्तु को आपस में जोड़ने से आम जन को भी काफी राहत मिलेगी ।

वहीं एक दूसरी अति महत्वपूर्ण रेल परियोजना पूर्वी उत्तर प्रदेश की बरहज बाजार से फैजाबाद वाया दोहरीघाट नई रेल लाइन की है जिसका सर्वे कार्य सन् 2005 में पूरा हो चुका है, जिसकी न्यूनतम लागत 781 करोड़ 78 लाख रूपये मात्र है, जिसको अब तक वित्तीय स्वीकृति नहीं प्राप्त हो सकी है । पूर्वी उत्तर प्रदेश की इस महत्वपूर्ण रेल परियोजना के निर्माण से जहां असम, पश्चिम बंगाल, बिहार एवं दिल्ली को जोड़ने वाली यह परियोजना मात्र 194 किलोमीटर की है एवं जिसके बनने से दिल्ली जाने की दूरी सबसे कम हो जाएगी और रेलवे के अन्य मार्गों पर दबाव भी काफी कम हो जाएगा ।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि वित्तीय स्वीकृति देकर उपरोक्त दोनों परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराए ।